समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 24 August 2026

# अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का लद्दाख दौरा रद्द, जम्मू-कश्मीर से दिल्ली लौटने की तैयारी

Sanket Morankar Published on 20 Aug 2026



भारत में अमेरिकी राजदूत **सर्जियो गोर** का गुरुवार को प्रस्तावित **लद्दाख दौरा रद्द** हो गया है। सूत्रों के अनुसार, लद्दाख यात्रा रद्द होने के बाद गोर अब जम्मू-कश्मीर से ही दिल्ली लौट रहे हैं। वह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दौरे पर थे। हालांकि, लद्दाख दौरा रद्द किए जाने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है।

लद्दाख और LAC जाने की थी चर्चा

सर्जियो गोर के लद्दाख दौरे को लेकर पहले कहा जा रहा था कि यात्रा के दौरान वह **लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (LAC)** के आसपास भी जा सकते हैं। हालांकि, अब उनका लद्दाख दौरा रद्द कर दिया गया है।

दौरा ऐसे समय रद्द हुआ है जब जम्मू-कश्मीर को लेकर गोर के हालिया बयान के बाद **पाकिस्तान ने इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास की प्रभारी नताली बेकर को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी।**

जम्मू-कश्मीर को बताया भारत का अहम हिस्सा

श्रीनगर पहुंचने के बाद सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री **उमर अब्दुल्ला** से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने जम्मू-कश्मीर को **भारत का अभिन्न और अहम हिस्सा** बताया।

गोर ने क्षेत्र की खूबसूरती की भी प्रशंसा की। उनके इस बयान के बाद पाकिस्तान की ओर से आपत्ति जताई गई और अमेरिकी दूतावास की प्रभारी को तलब किया गया।

ट्रेवल एडवाइजरी की समीक्षा के संकेत

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में सर्जियो गोर ने जम्मू-कश्मीर के लिए जारी अमेरिकी **ट्रेवल एडवाइजरी** की

समीक्षा किए जाने के संकेत दिए।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली, मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ऐसे में अमेरिका इस बात पर विचार करेगा कि क्या मौजूदा ट्रेवल एडवाइजरी में जारी अलर्ट के स्तर को कम किया जाना चाहिए।

गोर ने जम्मू-कश्मीर को खूबसूरत क्षेत्र बताते हुए कहा कि बड़ी संख्या में अमेरिकी नागरिक यहां की प्राकृतिक सुंदरता और उपलब्ध अवसरों को देखना पसंद कर सकते हैं।

डल झील में लिया शिकारा का आनंद

जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान सर्जियो गोर ने श्रीनगर की प्रसिद्ध **डल झील** में शिकारा की सवारी भी की। वह नेहरू पार्क के पास से शिकारा में सवार हुए और करीब **एक घंटे तक डल झील की सैर** की।

उनकी शिकारा यात्रा की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए, जिसमें वह कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते नजर आए।

पाकिस्तान ने दर्ज कराई आपत्ति

सर्जियो गोर के जम्मू-कश्मीर संबंधी बयान के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास की प्रभारी नताली बेकर को तलब किया। पाकिस्तान की ओर से गोर की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई।

गोर ट्रंप प्रशासन में **दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विशेष दूत** की भूमिका भी निभा रहे हैं। ऐसे में उनके जम्मू-कश्मीर दौरे और लद्दाख यात्रा को क्षेत्रीय एवं कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा था।

**अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का प्रस्तावित लद्दाख दौरा रद्द हो गया है और सूत्रों के अनुसार वह जम्मू-कश्मीर से दिल्ली लौट रहे है।** लद्दाख दौरा रद्द होने की आधिकारिक वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर यात्रा के दौरान गोर ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की, क्षेत्र को भारत का अहम हिस्सा बताया और अमेरिकी ट्रेवल एडवाइजरी की समीक्षा के संकेत दिए। वहीं, उनके बयान पर पाकिस्तान ने अमेरिकी दूतावास की प्रभारी को तलब कर आपत्ति जताई।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.